## पूर्व मंत्री दुर्रू मियां से मिले चोपदार

**झुंझुनूं,** । मदरसा बोर्ड के चेयरमैन एमडी चोपदार को कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने के बाद लगातार चोपदार को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। इसी क्रम में रविवार को एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव आमिर शेखावाटी तथा फतेहपुर की ऐतिहासिक दरगाह हजरत ख्वाजा हाजी नजमुद्दीन सुलैमानी चिस्ती अल फारूकी साहब के सज्जादानशीन व मुतवल्ली हजरत पीर गुलाम नसीर साहब नजमी सुलेमानी चिश्ती अल फारूकी ने जयपुर स्थित निवास पर पहुंचकर चोपदार को बधाई दी। वहीं रविवार को दिनभर ना केवल जयपुर, बल्कि प्रदेशभर से चोपदार समर्थकों, कांग्रेस कार्यकर्ताओं, विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने पहुंचकर चोपदार को बधाई दी और मालाओं से उनका स्वागत किया। इसी क्रम में शनिवार शाम को चोपदार ने पीसीसी चीफ गोविंद डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूल, हज कमेटी के चेयरमैन विधायक आमिन कागजी तथा आदर्श नगर विधायक रफीक खान के अलावा पूर्व चिकित्सा मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता दुर्रू मियां से भी उनके निवास पर मुलाकात कर उनसे आशीर्वाद और मार्गदर्शन लिया। चोपदार ने दुर्रू मियां से उनके सिविल लाइंस स्थित लोहारू निवास पर मुलाकात की।

## चैक वितरण समारोह छह को

**झुंझुनूं,** । एफर्ट्स झुंझुनूं जिले के उन प्रतिभावान बच्चों के लिए कार्य कर रही है। जो आर्थिक तंगी के कारण प्रतिभावान होते हुए भी 12वीं कक्षा के बाद अपने सपनों को पूरा नहीं कर पाते हैं। क्योंकि उनके पास कोचिंग के लिए पैसों का और मोटिवेशन का अभाव होता है। कोर कमेटी सदस्यों ने बताया कि अनुसूचित जाति के बच्चों से ऑफलाइन व ऑनलाइन आवेदन 20 जून तक आवेदन मांगे गए थे। रविवार को अंबेडकर भवन झुंझुनूं में बच्चों को बुलाकर उनके डॉक्यूमेंट देखकर उनकी योग्यता की जांच की गई। प्रथम दृष्टया जांच में 48 बच्चों का चयन किया गया। झुंझुनूं जिले के अनुसूचित जाति के जो भी बच्चे 12वीं या कॉलेज के बाद नीट, आईआईटी या अन्य प्रतियोगिकी परीक्षाएं जैसे यूपीएससी, व्याख्याता, पटवारी, ग्रामसेवक सहित किसी भी कंपीटीशन एग्जाम के लिए कोचिंग करना चाहते हैं उन बच्चों को अंबेडकर भवन झुंझुनूं में छह जुलाई रविवार को सुबह नौ बजे चैक वितरण किया जाएगा। एफर्ट्स झुंझुनूं की पहली संस्था है।

## योग शिविर का हवन के साथ समापन

**बुहाना,** । ग्राम पंचायत लाम्बी अहीर के आईटी केंद्र परिसर में आदित्री फाउंडेशन की ओर से चल रहे सात दिवसीय योग शिविर का समापन हवन के साथ हुआ। इस शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में झुंझुनूं गौ सेवा प्रमुख मुकेश आनंद महाराज थे। उन्होंने गाय के दूध के स्वास्थ्य लाभ से ग्रामीणों को अवगत कराया। इस अवसर पर बच्चों ने विभिन्न योग आसन, प्राणायाम और ध्यान का प्रदर्शन किया। जो उन्होंने शिविर के दौरान सीखा था। समापन समारोह में हवन का आयोजन किया गया। जिसमें सभी प्रतिभागियों और ग्रामीण ने भाग लिया। सरपंच नीरू यादव ने बताया कि यह कार्यक्रम योग के महत्व और बच्चों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर इसके सकारात्मक प्रभाव को उजागर करने के लिए आयोजित किया गया था। योगाचार्य योगेंद्र ब्रह्मचारी ने योग के माध्यम से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की तकनीकों को साझा किया।

# आपातकाल में कांग्रेस ने संविधान की हत्या की : गजेंद्र सिंह शेखावत

■ **कार्यालय में भाजपा द्वारा काला दिवस पर जिलाध्यक्ष हर्षिनी कुलहरि की अध्यक्षता में आयोजित संगोष्ठी कार्यक्रम में केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने मुख्य अतिथि थे।**

**झुंझुनूं,** । आपातकाल की 50वीं बरसी पर बगड रोड स्थित भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा द्वारा काला दिवस पर जिलाध्यक्ष हर्षिनी कुलहरि की अध्यक्षता में आयोजित संगोष्ठी कार्यक्रम में केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने मुख्य अतिथि थे। जिन्होंने इस मौके पर कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कार्यकाल में कांग्रेस ने आपातकाल लागू करके देश के नागरिकों के साथ घोर अन्याय किया। सभी वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं को पकड़ कर जेल में डाल दिया गया व अनेकों यातनाएं दी गई। शेखावत ने कहा कि कांग्रेस ने आपातकाल के दौरान संविधान की हत्या कर लोगों पर बर्बरता पूर्ण कार्यवाही की। कार्यक्रम संयोजक विष्णु कांत रूंथला ने कार्यक्रम की प्रस्तावना रखी। विधायक राजेंद्र भांबू ने लोकतंत्र सैनानियों को नमन करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा किए गए अन्याय की वे घोर भर्त्सना करते है।

जिन्होंने अपनी स्वार्थ पूर्ति के लिए सभी देशवासियों के मूल अधिकारों का हनन किया। देश उन्हें कभी माफ नहीं करेगा। खेतडी विधायक धर्मपाल गुर्जर, नवलगढ विधायक विक्रम सिंह जाखल एवं कार्यक्रम संभाग प्रभारी शैलेंद्र भार्गव ने भी विचार रखे। धन्यवाद भाजपा जिला प्रवक्ता एवं नगर मंडल अध्यक्ष कमलकांत शर्मा ने दिया। जबकि संचालन जिला महामंत्री सरजीत चौधरी एवं योगेंद्र मिश्रा ने किया। इस मौके पर मंचस्थ अतिथियों के साथ पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी, सुभाष पूनियां, रणवीर सिंह गुढा, जेपी चंदेलिया, ओबीसी आयोग के सदस्य पवन मावंडिया ने बडी माला पहनाकर शेखावत का स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री के साथ मंचस्थ अतिथियों ने इमरजेंसी डायरीज पुस्तक का विमोचन भी किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक वीरेंद्र प्रताप सिंह शेखावत, राष्ट्रीय परिषद प्रतिनिधि विश्वंभर पूनियां, प्रधान बलवान सिंह, उप जिला प्रमुख सतवीर गुर्जर, पूर्व जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी, राजीव सिंह शेखावत, सुभाष शर्मा चिड़ावा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विकास शर्मा लोटिया, जिला महामंत्री राजेश दहिया, जिला उपाध्यक्ष इंजीनियर प्यारेलाल ढूकिया, रामनिरंजन पुरोहित, राकेश शर्मा, जिला मंत्री मंजू सैनी, सोशल मीडिया जिला संयोजक चंद्रप्रकाश शुक्ला, आईटी जिला संयोजक सौरभ सोनी, बगड़ चेयरमैन गोविंद सिंह राठौड़, सेवाराम गुप्ता, पूर्व प्रधान कैलाश मेघवाल, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष जयसिंह मांठ, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सरोज श्योरान, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष रतन सिंह तंवर, एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र भाटिया, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष शौकत अली चौहान, एसटी मोर्चा जिलाध्यक्ष दिलीप मीणा, ममता शर्मा, मंजू चौहान, अरुणा सिहाग, सुधा पंवार, विमला चौधरी, कुसुमलता राणासरिया, महेश बसावतिया, नरेंद्र शर्मा, प्रमोद जानूं, संजय पारीक, कुलदीप पूनियां, इंद्राज सैनी, गुलझारीलाल शर्मा आदि मौजूद थे।

## ऑफिसर्स से शिष्टाचार भेंट की

**झुंझुनूं,** । राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय झुंझुनूं के तत्वावधान में जिले में नवनियुक्त शिक्षा विभाग के अधिकारियों का स्वागत अभिनंदन स्काउट गाइड परंपरा के अनुसार स्कार्फ, पुष्पहार पहनाकर किया तथा शिष्टाचार भेंट की। सीओ स्काउट महेश कालावत ने बताया कि एडीईओ एलिमेंट्री प्रमोद आबूसरिया, स्काउट एडल्ट रिसोर्स कमिश्नर प्रहलादराय जांगिड़, सीओ गाइड सुभिता महला, वरिष्ठ स्काउट मास्टर ताराचंद यादव, रोवर लीडर जयप्रकाश चौधरी, सचिव स्थानीय संघ अलसीसर रामचंद्र मीणा, कोषाध्यक्ष अलसीसर राजेश कुमार हरिपुरा, झुंझुनूं स्काउट सचिव बंशीलाल, युवा स्काउट मास्टर अमरचंद, दिनेशकुमार एवं मोहम्मद जाब्बीर के द्वारा सीडीईओ एवं जिला मुख्य आयुक्त जयदीप झाझड़िया, डीईओ सैकंडरी राजेश मील, डीईओ एलिमेंट्री संतोष सोहू का स्वागत अभिनंदन किया गया। सीओ कालावत ने इस अवसर पर जिले की स्काउट गाइड गतिविधियों से ऑफिसर्स को अवगत करवाते हुए।

## जांगिड निर्विरोध निर्वाचित

■ **रामावतार जांगिड़ की अध्यक्षता में जांगिड ब्राह्मण समाज की बैठक हुई**

**बुहाना,** । अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा तहसील बुहाना के अध्यक्ष पद पर सुरेश कुमार जांगिड़ पुत्र स्व. जयनारायण जांगिड़ गांव अलीपुर को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया है। रविवार को कस्बे के विश्वकर्मा मंदिर में पूर्व सरपंच रामावतार जांगिड़ की अध्यक्षता में जांगिड़ ब्राह्मण समाज की बैठक हुई। जिसमें अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा तहसील अध्यक्ष पद के लिए विस्तार से चर्चा की गई। जिसमें सभी उपस्थित लोगों ने सर्वसम्मति से सुरेश कुमार जांगिड़ अलीपुर के नाम की घोषणा की। इस अवसर पर अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा की ओर से आए निर्वाचन अधिकारी राजेंद्र कुमार जांगिड़ काकोड़ा, निर्वाचन प्रेक्षक महेश कुमार जांगिड़ जयसिंहवास ने दोपहर को अध्यक्ष पद पर सुरेश कुमार जांगिड़ के नाम औपचारिक घोषणा की। निर्विरोध निर्वाचित होने पर सभी उपस्थित लोगों ने खुशी जताई व मिठाई वितरित की। इस अवसर पर पूर्व जिला पार्षद श्रवणदेवी जांगिड़, पूर्व अध्यक्ष रामनिवास जांगिड़ सागवा, महेंद्र सिंह जांगिड़ घसेड़ा, पूर्व जिलाध्यक्ष नौरंगलाल जांगिड़, मूलाराम जांगिड़ ठोठवाल, हवलदार राजेंद्रप्रसाद जांगिड़ सागवा, हरिकिशन जांगिड़ सैदपुर, राजेंद्रप्रसाद जांगिड़ बड़बर, रामवतार जांगिड़ बुहाना, अजीत जांगिड़ सागवा, संदीप जांगिड़ बुहाना, रत्तिराम जांगिड़ बुहाना, हवलदार नंदलाल जांगिड़ बड़बर, बसंत कुमार जांगिड़ लांबी अहीर, रामसिंह जांगिड़ बुहाना, रिंकू जांगिड़ बुहाना, मास्टर सुरेश जांगिड़ सागा, मनोज कुमार जांगिड़ आदि मौजूद थें

# पतंजलि योग सेवा समिति के तत्वावधान में पौधारोपण

**झुंझुनूं,** । चूणा चौक स्थित पार्क में स्टेलर नैनो केम इंडस्ट्रीज के प्रोपराइटर रंजन शर्मा एवं मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. प्रमिला शर्मा के सौजन्य से विभिन्न प्रकार के सुगंधित फूलों के पौधे लगाए गए। चूणा चौक विकास समिति के अध्यक्ष शिवचरण पुरोहित ने बताया कि पार्क में गुलाब, मोगरा, रातरानी, पारिजात, कनीर, गुडल, चमेली, बिल्वपत्र, आंवला, अशोक, आम, जामुन, अर्जुन के पौधे पहले से ही लगे हुए हैं। भामाशाह डॉ. प्रमिला रंजन शर्मा द्वारा मधु मालती, मधु कामिनी, मोगरा, गंधराज, रातरानी, कनीर, गुडल, चांदनी, एडिनियम, अपराजिता, मोगरा आदि सुगंधित फूलों के 15 पौधे और लगाए। उक्त दंपत्ति हर वर्ष पार्क में चूणा चौक विकास समिति के तत्वावधान में गर्मियों में पक्षियों के लिए परिंडे और वर्षा ऋतु में पौधा रोपण का कार्य करते रहते हैं। यहां चूणा चौक विकास समिति की देखरेख में पार्क की साफ सफाई तथा अन्य व्यवस्थाएं संचालित होती है। पार्क को बिल्कुल साफ सुथरा और स्वच्छ बनाए रखने के लिए समिति द्वारा अपने स्तर पर सफाई कर्मचारी रखा हुआ है। पार्क में प्रतिदिन सुबह पांच से सात बजे तक पतंजलि योग सेवा समिति के प्रशिक्षित योग शिक्षकों द्वारा योगा कराया जाता है। लोगों के एक्सरसाइज के लिए विभिन्न प्रकार की मशीनें और बच्चों के लिए झूले लगे हुए है जिन पर सुबह शाम काफी संख्या में लोग एक्सरसाइज करते है। भामाशाह जालान परिवार द्वारा पार्क में आने वाले और राहगीरों के लिए जल मंदिर है। जिसमें वाटर कूलर से गर्मियों में ठंडा पानी हर समय उपलब्ध रहता है। पौधारोपण कार्यक्रम में भामाशाह डॉ. प्रमिला रंजन शर्मा, चूणा चौक विकास समिति के अध्यक्ष शिवचरण पुरोहित, जितेंद्र खाजपुरिया, दिवाकर शर्मा, मूलसिंह, किसना वट, प्रमोद कईयां, श्यामसुंदर तुलस्यान, रविशंकर पुरोहित, किशोर जांगिड़, प्रेम स्वामी, योग प्रशिक्षक नेकीराम धूपिया, नीरज गोयल, अशोक जोशी, श्रवण रिंगसिया, रामगोपाल शर्मा, रवि पंसारी, राजू सोनी, सुशील पचलंगिया, सुरेश तुलस्यान, मंजू टीबड़ा, मंजू मोदी, मीना रिंगसिया, डॉ. गुप्ता, प्रमिला सहित बहुत से लोग उपस्थित थे।

## वार्षिक मूर्ति स्थापना समारोह 4 से

**चिड़ावा** । शहर के सनातन आश्रम स्थित महालक्ष्मी धाम का वार्षिक मूर्ति स्थापना उत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ चार जुलाई से छह जुलाई तक मनाया जाएगा। तीन दिवसीय यह धार्मिक आयोजन धार्मिक वातावरण, मंत्रोच्चार और भजन की रसधारा से भरा होगा। जिसमें सैंकडों श्रद्धालु शामिल होंगे। आयोजन को लेकर सनातन आश्रम विकास समिति की बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें आयोजन की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई व सदस्यों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई। जानकारी देते हुए समिति के तेजप्रकाश सोनी व राकेश जाखड़ ने बताया कि तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन शुरुआत शुक्रवार चार जुलाई को सुबह सवा नौ बजे गणेश पूजन से होगी। जिसके बाद दोपहर 3:15 बजे से संगीतमय गीता अमृत मंगलपाठ का आयोजन किया जाएगा। अगले दिन शनिवार पांच जुलाई को दोपहर 3:15 बजे से संगीतमय श्रीरामायण पाठ का विशेष आयोजन होगा। रविवार छह जुलाई कार्यक्रम का मुख्य दिन रहेगा। इस दिन सुबह 9:15 बजे महालक्ष्मी यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। यज्ञ के बाद 10:15 बजे महाआरती संपन्न होगी और फिर सुबह 11:15 बजे से भक्तों को प्रसाद वितरण किया जाएगा। इस पूरे आयोजन के यजमान शिवकुमार पोदार रहेंगे। जबकि मूर्ति स्थापना दिवस यजमान पवन कुमार शर्मा ढाणीवाला होंगे। कार्यक्रम का संयोजन वाणीभूषण प्रभुशरण तिवाड़ी और उनके सहयोगी सदस्य, भगवतजन परिवार एवं सनातन आश्रम विकास समिति द्वारा किया जा रहा है।

## केबिनेट मिटिंग में लिया हिस्सा

**झुंझुनूं,** । लॉयंस क्लबस इंटरनेशनल प्रांत 3233 ई-1 की प्री केबिनेट मिटिंग अभिसार का आयोजन जयपुर में किया गया। इस अवसर पर मंच पर मुख्य अतिथि पास्ट इंटरनेशनल डायरेक्टर लॉयन डॉ. नवल जे मालू, कार्यक्रम अध्यक्ष प्रांतपाल एमजेएफ लॉयन सुधीर बाजपेई सहित पूर्व प्रांतपाल एवं डिस्ट्रिक्ट पदाधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर लॉयंस क्लब झुंझुनूं के लॉयंस क्लब झुंझुनूं के पूर्व प्रांतपाल एमजेएफ लॉयन एसके केजड़ीवाल, रीजन चेयरमैन डॉ. एनएस नरुका, क्लब अध्यक्ष डॉ. बबिता कुमावत, एमजेएफ रघुनाथप्रसाद पोदार, शिवकुमार जांगिड़, एमजेएफ लॉयन डॉ. डीएन तुलस्यान, शकुंतला पुरोहित, डॉ. उम्मेदसिंह शेखावत एवं एमजेएफ लॉयन नरेंद्र व्यास उपस्थित थे।

## सेमीफाइनल मुकाबले

**कोलसिया,** । एचएमटी ग्रुप कोलसिया के तत्वावधान में कोलसिया की सीताराम शर्मा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में चल रही शेखावाटी प्रीमियर लीग-6 रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता में शनिवार रात को सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए। पहला सेमीफाइनल मैच संजू ज्वैलर्स बाय (वीर भूमि झुंझुनूं) व एचएमटी ग्रुप कोलसिया (शिवानी हरियाणा) के बीच खेला गया। संजू ज्वैलर्स बाय ने पहले खेलते हुए 121 रन बनाए। सबसे ज्यादा रन अजीत कड़वासरा ने बनाए। जवाब में खेलने उतरी एचएमटी ग्रुप कोलसिया (शिवानी हरियाणा) की टीम 74 रन ही बना सकी। संजू ज्वैलर्स बाय ने 47 रनों से मैच जीता। मैन ऑफ द मैच शोयल रहे। दूसरा मैच पूनम ज्वैलर्स कोलसिया (राज नवलपुरा जयपुर) व जग्गा रेडी (फतेहपुर) की टीम के बीच हुआ। इसमें पूनम ज्वैलर्स कोलसिया (राज नवलपुरा जयपुर) ने पहले खेलते हुए 33 रन बनाए। जग्गा रेडी (फतेहपुर) ने चार ओवर में ही जीत हासिल कर ली। मैन ऑफ द मैच नरेन्द्र रहे।

पूर्व भामाशाह हेमंत दूत, परसरामपुरा सरपंच करणीराम, पवन पारस, ताराचंद खेदड़, विजेंद्र रेपस्वाल, श्यामसुंदर पारीक ने खिलाड़ियों से परिचय लेते हुए खेल को खेल की भावना से खेलने का आ ान किया। इस दौरान विकास दूत, दिनेश दूत, किशोर सोनी, राजेश दूत, श्यामसुंदर सोनी, कमलदास महाराज, अभिषेक शर्मा, विशाल कुमावत, कपिल कुमावत, रणजीत सूनिया, आकाश जांगिड़, विकास कुमावत, सुभाष मूंड, चेतन दूत, रोहिताश, अनिल बेरवाल, सचिन दूत, सुनील सैन, नरेश कुमावत, राहुल कुमावत, प्रवीण कुमावत, विकास सूनिया, अरविंद सूनिया, ताराचंद कुमावत, रमेश सूनिया, पंकज दूत, सुरेंद्र दूत, राजेश कुमावत, पंकज सूनिया, विक्रम दूत आदि मौजूद रहे।

# हादसे की आशंका

**गुढ़ागौड़जी,** । ककराना ग्राम पंचायत के गुलाबपुरा से होकर जा रही सडक स्टेट हाईवे 82 पर के ऊपर से गुजर रही 11 केवी विद्युत लाइन बड़े हादसे को न्यौता दे रही है। बिजली की लाइन के तार दो-तीन सालों से हाईवे पर खतरा बन हुए है। लाइन के तार 12 से 15 फुट ऊंचाई पर ही झूल रहे हैं। हाइवे पर काफी संख्या में फैक्ट्रियों से बड़े माल वाहन, ट्रेलर, बसे, लोडिंग अन्य वाहनों का आवागमन दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। विद्युत लाइन के नीचे से रोज कॉलेज व स्कूलों के विद्यार्थी भी पैदल बच्चों से भरी हुई स्कूली बसें भी गुजरती है। विद्युत लाइन कभी भी बड़े हादसे का रूप ले सकती है। विभाग के अधिकारी मौन है। जिम्मेदार कोई नहीं है। रोज हादसा होने का डर सता रहा है। नजदीकी ही बना ककराना विद्युत जीएसएस के कर्मचारी भी इस लाईन के नीचे से गुजरते हैं उनके बाद भी मौन है। स्थानीय ग्रामीण छाजूलाल सैनी ने बताया कि 11 केवी की लाइन के नीचे से रोज बड़े ट्रेलर, स्कूली बसें, लोडिंग वाहन आदि गुजरते हैं। तार कुछ ही ऊंचाई पर ही झूल रहे हैं। इस समय मानसून का मौसम चल रहा है कभी भी यह लाइन बड़े हादसे का रूप ले सकती है। विभाग के अधिकारियों को सूचना देने के बाद भी नहीं सुन रहे हैं। ककराना जीएसएस पर कार्यरत कर्मचारी को भी अवगत करवाया है वह भी मौन नींद में सोए हुए हैं।

## किसानों के चेहरे खिले

**चूरू** । शहर में रविवार शाम हुई मानसून की पहली जोरदार बारिष ने किसानों के चेहरों की चमक को और बढ़ा दिया है। वहीं बारिश ने निचली बस्ती के लोगों की चिंता बढ़ा दी है।

चूरू में रविवार शाम लगभग पौन घंटे जोरदार बारिश हुई। बारिश से मौसम सुहावना हो गया। बारिश के बाद शहर में निकासी के अभाव में जगह-जगह पानी जमा हो गया। जिससे आमजन और वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। शहर के पुराना बस स्टैण्ड, लोहिया कॉलेज के सामने, नेत्र अस्पताल, नया बस स्टैण्ड, नेचर पार्क के सामने, जौहरी सागर क्षेत्र, सुभाष चौक, सीटी पोस्ट ऑफिस के सामने, चांदनी चौक सहित शहर के निचले इलाकों में निकासी के अभाव में पानी जमा हो गया। बारिश के बाद कई बस्तियों में लोगों का घरों से बाहर निकलना भी दुर्लभ हो गया। वहीं बारिश के बाद जिला प्रशासन की व्यवस्था की पोल भी खुलकर सामने आ गई।

## क्लाइमेट चेंज कार्यक्रम की दी जानकारी

**झुंझुनूं,** । भारत सरकार ने जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने और अनुकूलन के लिए राष्ट्रीय कार्य योजना बनाई है। इसके तहत स्वास्थ्य विभाग की भूमिका महत्वपूर्ण है। जिसमें जलवायु परिवर्तन के कारण बढ़ने वाली बीमारियों और स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करने के लिए तैयार रहना शामिल है। इसके लिए शनिवार को सीएमएचओ सभागार में आयोजित बैठक में चिकित्सा अधिकारियों को जानकारी देकर ओरिएंटेशन किया गया। सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने बताया कि इस राष्ट्रीय कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर एक्शन प्लान बनाया गया है। जिसको लेकर डिप्टी सीएमएचओ हेल्थ को जयपुर में प्रशिक्षित किया गया है। अब इस प्लान के अनुसार जिले के चिकित्सा अधिकारियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। डिप्टी सीएमएचओ डॉ. भंवरलाल सर्वा ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग को जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए काम करना होगा। जलवायु परिवर्तन के कारण बढ़ने वाली बीमारियों की निगरानी और नियंत्रण के लिए स्वास्थ्य विभाग को सक्रिय रहना होगा। इसमें स्वास्थ्य शिक्षा और जागरूकता की महत्वपूर्ण भूमिका है। जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के बारे में लोगों को जागरूक करने और स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान करने के लिए स्वास्थ्य विभाग को काम करना होगा। उन्होंने बताया कि भारत सरकार ने जलवायु परिवर्तन पर कई पहलों को शुरू किया है। जिसमें स्वास्थ्य विभाग की भूमिका महत्वपूर्ण है। इन पहलों के तहत स्वास्थ्य विभाग को जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में जिलेभर के चिकित्सा संस्थानों के चिकित्सा अधिकारी मौजूद रहे।

# टॉपर्स का हुआ सम्मान

**सीकर** । जेईई-एडवांस्ड और नीट-यूजी के रिजल्ट्स के बाद एलन सीकर व एलन झुंझुनू का सफलता का उत्सव मनाया गया। यहां विभिन्न प्रवेश परीक्षाओं में श्रेष्ठ परिणाम देने वाले एलन सीकर व एलन झुंझुनू के स्टूडेंट्स को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर एक हजार से अधिक स्टूडेंट्स व उनके पेरेन्ट्स भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जोनल हेड व वाइस प्रसीडेंट विजय सोनी ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान एलन सीकर के सेंटर हैड सुरेन्द्र सहारण, एलन जोधपुर के सेंटर हैड कपिल व्यास, एलन झुंझुनू के सेंटर हैड मदन छाबड़ा, जेईई डिवीजन हैड आशुतोष कौशिक, नीट डिवीजन हैड ऋषभ शर्मा एवं पीएनसीएफ डिवीजन हैड अनिल बेरड़ भी मौजूद रहे। एलन सीकर सेंटर हेड सुरेन्द्र सहारण ने एलन सीकर की उपलब्धियों के बारे में बताया। जोनल हेड विजय सोनी ने कहा कि एलन सीकर लगातार श्रेष्ठ परिणाम दे रहा है। अपनी स्थाना के वर्ष से ही एलन सीकर ने काफी अच्छे परिणाम दिए हैं। एलन के हर निर्णय के केन्द्र में विद्यार्थी का हित होता है। अपने 37 वर्षों के विराट अनुभव और बेस्ट अकेडमिक टीम के साथ एलन बेस्ट माहौल देने के लिए संकल्पित हैं।

सेंटर हेड सुरेन्द्र सहारण ने कहा कि एलन की कोशिश रहती है हर विद्यार्थी का सपना पूरा हो। इसके लिए उन्हें हर तरह का सपोर्ट दिया जाए। कोटा की तर्ज पर सीकर में भी एलन हर विद्यार्थी का कॅरियर बनाने के लिए श्रेष्ठ प्रयास कर रहा है। सीकर शहर के साथ-साथ दूरदराज के विद्यार्थियों को भी मुख्यधारा में लाते हुए उनका कॅरियर बनाने की कोशिश कर रहे हैं। समारोह में सम्मानित होने के लिए विद्यार्थी अपने अभिभावकों के साथ खुशियों से झूमते हुए मंच पर पहुंचे। एक के बाद एक मंच पर गीत बजते रहे और प्रतिभाओं का जोशीले अंदाज में स्वागत के साथ सम्मान होता रहा। कार्यक्रम में फैकल्टीज व स्टूडेंट्स ने यहां रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई।

विक्ट्री सेलीब्रेशन में जेईई-एडवांस एवं नीट यूजी में टॉप करने वाले विद्यार्थियों को मेडल व चैक देकर पुरस्कृत किया गया। जेईई एडवांस्ड में एआईआर 114 पर रहे विपुल सिहाग, एआईआर 126 पर रहे जय अठावाल, एआईआर 267 पर रहे विशेष चारण, एआईआर 795 पर रहे हर्षित लांबा, एआईआर 968 पर रही दिव्यिता गर्ग को सम्मानित किया गया। जबकि नीट में एआईआर 13 पर रहे तनय, एआईआर 30 पर रहे हर्ष तिलोतिया, एआईआर 223 पर रही नव्या झाझड़िया, एआईआर 246 पर रहे नवनीत, एआईआर 277 पर रहे रचित एवं एआईआर 285 पर रहे देराजराम को सम्मानित किया गया। इसी प्रकार एस्ट्रोनॉमी ओलंपियाड के ओसीएससी कैम्प में चयनित जतिन चाहर, आईजेएसओ ओसीएससी कैम्प में चयनित रोहित पूनिया, आईएसओ कैम्प में चयनित राजेन्द्र कुमार, निर्देश कुमार, देवेश सोनी एवं तरूण को सम्मानित किया गया।

## दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर

**झुंझुनूं,** ग्रिड कनेक्टेड रूफटॉप सोलर के संबंध में विद्युत विभाग झुंझुनूं में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शनिवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। विद्युत विभाग के प्रबंध निदेशक केपी वर्मा एवं मुख्य अभियंता (प्रशिक्षण) सुरेश नागरानी के निर्देशों पर प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना एनपीटीआई शिवपुरी द्वारा प्रायोजित इस प्रशिक्षण में झुंझुनूं जिले के 40 एईएन, जेईएन तथा तकनीशियनों ने भाग लिया। प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ एसई महेश टीबड़ा ने किया। एसई महेश टीबड़ा ने एनपीटीआई शिवपुरी द्वारा आयोजित प्रशिक्षण शिविर को नवीकरणीय ऊर्जा के प्रोत्साहन के लिए लाभदायक बताया और आगे भी सभी को ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रोत्साहित किया। एईएन (ट्रेनिंग) निशा हिरणवाल ने प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम में संबोधित करते हुए नवीकरणीय ऊर्जा को देश का भविष्य बताया तथा कहा कि आने वाला समय नवीकरणीय ऊर्जा का ामय है एवं उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम झुंझुनूं जिले के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

## सार-समाचार

### फ्री मेडिकल कैंप में 153 लोगों ने उठाया लाभ

**झुंझुनूं,** 29जून। स्वर्गीय जयप्रकाश बेनीवाल की 29वीं पुण्य स्मृति के अवसर पर ग्राम पंचायत देरवाला स्थित गुरूकुल इंदोरिया स्कूल में रविवार को आयोजित निशुल्क चिकित्सा शिविर में 153 ने स्वास्थ्य लाभ उठाया। कैम्प में सर्वाधिक मरीज हड्डी एवं जोड़ संबधित आए। कैंप में स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग से संबंधित मरीजों को सेवाएं प्रदान की गई। हड्डी एवं जोड़ रोग विभाग से संबंधित सेवाएं डॉ. संदीप बेनीवाल ने स्त्री एवं प्रसूति रोगों से संबंधित मरीजों को डॉ. गुलशन बानो और डॉ. श्वेता पूनियां ने प्रदान की। इस चिकित्सा शिविर में बीपी शुगर की जांच, परामर्श के साथ ही दवाएं भी निशुल्क उपलब्ध कराई गई। डॉ. संदीप बेनीवाल ने बताया कि ज्यादा मरीज जोड़ों में दर्द, कमर दर्द, गठिया आदि के आए। गायनी संबधित भी काफी मरीज दिखाने आए। जिन्हें डॉ. गुलशन बानो और डॉ. श्वेता पूनियां ने सेवाएं प्रदान की। इस अवसर पर डॉ. संदीप बेनीवाल द्वारा अपने पिताजी स्वर्गीय जयप्रकाश बेनीवाल की 29वीं पुण्य स्मृति में इंदोरिया गुरुकुल परिसर में पौधरोपण किया गया। इससे पूर्व डॉ. संदीप बेनीवाल और उनके परिवार जनों ने स्वर्गीय जयप्रकाश बेनीवाल को पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर डॉ. संदीप बेनीवाल की मां रामप्यारी देवी, भाई विजय बेनीवाल, भाभी सुमन भड़िया, पत्नी डॉ. श्वेता पूनियां के साथ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. गुलशन बानो, इंदोरिया गुरुकुल के निदेशक अमित इंदौरिया, बबिता इंदोरिया, राजेंद्र ठेकेदार, रामकुमार बेनीवाल, रामनिवास, बेनीवाल, महेश बेनीवाल, रामनिवास हर्षवाल, डॉ. महेश कड़वासरा, रोशनलाल बेनीवाल, मनमोहन हर्षवाल, राजकुमार बेनीवाल, सुरेश बेनीवाल, अशोक बेनीवाल, राजेंद्र बेनीवाल, विकाश बेनीवाल, सुभाष महान, अनिल बेनीवाल, मुकेश हर्षवाल, राजबीर सिंह नरूका, लाल मोहमद, रिछपाल नरूका, किशोर सिंह नरूका सहित अनके लोग मौजूद रहे। लोगों ने स्वर्गीय जयप्रकाश बेनीवाल को याद करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की एवं उनके पुत्र एवं पुत्रवधु की मेहनत से परिवार को मिली ऊंचाइयों की चर्चा करते नजर आए।

### बच्चों को किया सम्मानित

**चूरू** । स्थानीय भास्कर भवन में सराफ फाउंडेशन की ओर से चल रही नि:शुल्क गीता क्लासेज में रविवार को 12 अध्याय पूरे करने वाले बच्चों को उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम संयोजक संजय सिंघानिया ने बताया कि गीता क्लासेज के दैनिक कार्यक्रम में महापुरुषों को प्रणाम से लेकर हनुमान चालीसा पाठ तक किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि आचार्य महेश शर्मा ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान आचार्य निरंजन देव ने छोटे बच्चों को पांचवें अध्याय का अभ्यास करवाया। आचार्य महेश शर्मा ने बच्चों को 15वें अध्याय, माधुरी शर्मा ने 12वें अध्याय और आचार्य जनार्दन ने बच्चों को 26वें अध्याय का अभ्यास करवाया। दिव्या शर्मा व मीनाक्षी चोटिया ने सभी बच्चों का पंजीयन किया। इस अवसर पर मोहित सिंघानिया, मनीष क्याल, दिव्या भाटी, कमल कुमार, प्रमोद गौड़ सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भोलाराम सैनी की पुण्यतिथि मनाई

**नवलगढ़,** । कस्बे के सैनी समाज संस्था की ओर से रविवार को सैनी छात्रावास में सैनी समाज संस्था के पूर्व अध्यक्ष स्व. नेताजी भोलाराम सैनी की 10वीं पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सैनी समाज संस्था के अध्यक्ष व नवलगढ़ नगरपालिका के चेयरमैन सुरेंद्र सैनी फूलवाला ने की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने स्व. नेताजी भोलाराम सैनी की फोटो पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान डॉ. नवलकिशोर सैनी, सेवानिवृत्त एक्सईन मूलचंद सैनी, सैनी समाज संस्था के पूर्व अध्यक्ष हरिराम सैनी, पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम सैनी, सैनी समाज संस्था के कोषाध्यक्ष एडवोकेट सुरेश सैनी, राजकुमार सैनी, भारत स्काउट गाइड के प्रधान मुरली मनोहर चोबदार, बंशीधर सैनी सिंगोदिया, हरिराम जमालपुरिया, शेखर सैनी, सॉवरमल सैनी, राजेन्द्र पापटवान, सुशील कुमार सैनी, पंकज सैनी, अंकित सैनी, राहुल सैनी, दीपक सैनी, सूर्यप्रकाश सैनी, सोनू सैनी, दिनेश कुमार सैनी, वीरेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे। कोषाध्यक्ष एडवोकेट सुरेश सैनी ने कार्यक्रम में आए हुए सभी लोगों का आभार जताया।

### विधायक की मौजूदगी में पौधारोपण

**मुकुंदगढ़,** । डूमरा के घीसा की ढाणी मे गांव लेगाना जोहड़ में ग्राम पंचायत की ओर से पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्राम पंचायत सरपंच बुधराम महला की अध्यक्षता में हुए पौधारोपण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नवलगढ़ विधायक विक्रम सिंह जाखल थे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सांवलराम होलदार थे। पौधारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ नवलगढ़ विधायक विक्रम सिंह जाखल ने पौधा लगाकर किया और आम जनता को कहा कम से कम एक-एक पेड़ जरूर लगाना चाहिए। ताकि इंसान को अच्छी ऑक्सीजन मिल सके। वातावरण स्वस्थ हो। सरपंच बुधराम ने कहा कि 600 पेड़ लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। आपका पेड़ आपकी पहचान नाम दिया गया है। ताकि लोग ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाए। इस मौके पर राजेश, नेमीचंद, नवीनप्रकाश, श्रीचंद, जितेंद्र, ताराचंद, मदनलाल, मनभर, विजयपाल, सुखचैन, रतनीदेवी, विनोददेवी, सुमनदेवी, पतासीदेवी व मनीषा आदि ग्रामीण थे। संचालक संजय जांगिड़ डूमरा ने किया और संजय जांगिड़ डूमरा ने बताया कि विधायक को ज्ञापन दिया गया। उसमें डूमरा स्कूल के कृषि संकाय के बारे में अवगत करवाया। ताकि गरीब बच्चे कृषि विषय से वंचित न हो। इस पर विधायक ने जल्द हीं कृषि संकाय करवाने का आश्वासन दिया। इसके अलावा डूमरा में आम चौक से झटपट बालाजी रोड व पावर हॉउस से डाबड़ी रोड, पानी की टंकी स्वीकृत करवाने पर अभिनंदन किया गया।

### 'गहलोत खुद को प्रांसगिक बनाने के लिए कर रहे अनर्गल टिप्पणी'

**झुंझुनूं** । एक बार फिर केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर बड़ा जुबानी हमला बोला है। जी, हां रविवार को एक दिन के दौरे पर झुंझुनूं आए गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का खेल अब ना केवल प्रदेश की जनता, बल्कि उनकी खुद की पार्टी भी जान चुकी है। समझ चुकी है। यही कारण है कि इस बार मुख्यमंत्री हटने के बाद कांग्रेस ने उन्हें किसी भी भूमिका में अस्वीकार कर दिया है। झुंझुनूं में पत्रकारों से बातचीत करते हुए केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि पहले जब दो बार मुख्यमंत्री पद से अशोक गहलोत हटे थे। तो उन्हें तुरंत दिल्ली में महामंत्री बना दिया गया था। लेकिन इस बार पार्टी ने उन्हें किसी भी भूमिका में लेने से अस्वीकार कर दिया है। खुद को प्रांसगिक साबित करने के लिए अशोक गहलोत अनर्गल और निराधार टिप्पणी कर रहे है। उन्होंने कहा कि लेकिन उनकी प्रासंगिकता साबित करने की हर कोशिश बेकार हो रही है। क्योंकि उनके खेल को ना केवल प्रदेश की जनता, बल्कि कांग्रेस भी भलि भांति जान चुकी है। गजेंद्र सिंह इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के उस बयान का भी जवाब दिया। जिसमें उन्होंने सूबे के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को हटाने की कवायद शुरू होने की बात कही थी। गजेंद्र सिंह ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ऐसी बीमारी से ग्रासित है। जो उन्हें बार-बार अपने समय के हालातों के बारे में सपनें दिखा रही है। उस वक्त ऐसी ही साजिशें होती थी। जब उनकी सरकार को बार-बार होटलों में जाकर ठहरना पड़ता था। कभी भी सरकार गिर सकती है। ऐसी स्थिति बन गई थी। वो ही सपनें अब तक गहलोत को आ रहे है। जबकि भाजपा में ऐसा कुछ नहीं है। भाजपा एक अनुशासित पार्टी है। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष देवनानी को लेकर की टिप्पणी पर कहा कि ना सिर्फ देवनानी, बल्कि हमारे काफी नेता और कार्यकर्ता गर्व के साथ आरएसएस के स्वयंसेवक है। हम आरएसएस की विचारधारा से जुड़े है। इसलिए गहलोत किसी के लिए कुछ भी कह सकते है। गजेंद्र सिंह शेखावत ने राज्यसभा और लोकसभा अध्यक्षों के दबाव में रहने की बात पर कहा कि ऐसी बात बोलने से पहले गहलोत को यह सोचना चाहिए कि वे उस कांग्रेस पार्टी के नेता है। जिन्होंने देश में आपातकाल लगाकर ना केवल संविधान की प्रत्यक्ष रूप से हत्या की। बल्कि कार्यपालिका, राष्ट्रपति व उनकी संस्थाओं, न्यायपालिका, सभी को अपने चरणों में आने को मजबूर कर दिया। वे ऐसी बात करें तो उन्हें शोभा नहीं देता। उन्हें सोचना चाहिए कि जिस पार्टी ने देश में 55 सालों तक एक छत्र राज किया। वो अब हाशिए पर है और खुद की प्रासंगिकता बचाने के लिए संघर्ष कर रही है।

### गणेश मंदिर में कूलर भेंट

**खिरोड** । तीर्थ स्थल लोहार्गल धाम के मार्ग में स्थित गणेश मंदिर में प्रगतिशील कुमावत समिति संरक्षक डॉ. राजेंद्र कुमावत की उपस्थिति में उदयपुरवाटी निवासी रविन्द्र घोड़ेला व योगेश घोड़ेला ने अपने पिता स्व. सुखदेव घोड़ेला की पुण्य स्मृति में कूलर गणेश मंदिर में भेंट किया। जिसकी पूजा अर्चना कर मौजूद समिति अध्यक्ष प्रकाश प्रजापति ने प्राप्त किया।